Girls' High School And College, Prayagraj
Work sheet No. 7
Session - (2020-2021)
Class - 2 (A-F)
Subject – Hindi
Lessons –1- विलोम शब्द
2-पर्यायवाची शब्द
3-अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

निर्देश - अभिभावक बच्चों को पाठ को समझायें, याद कराएँ और अभ्यास को कराएँ ।

1- **विलोम शब्द**

परिभाषा- जो शब्द एक-दूसरे का उल्टा अर्थ देते हैं, उन्हें विलोम शब्द कहते हैं।

उदाहरण:

शब्द	**विलोम**
गरीब	अमीर
दूर	पास
रोना	हँसना
थोड़ा	अधिक

कुछ अन्य शब्द और उनके विलोम इस प्रकार हैं -

शब्द	**विलोम**
1- रात	दिन
2- गरम	ठंडा
3- अंधकार	प्रकाश
4- आयात	निर्यात
5- अमृत	विष
6- आदर	निरादर
7- आकाश	पाताल
8- इधर	उधर
9- उचित	अनुचित
10- उत्थान	पतन
11- आशा	निराशा
12- आय	व्यय
13- उतार	चढ़ाव

14- ऊपर	नीचे

अभ्यास:

1- शब्दों को उनके विलोम शब्द से मिलाइए-

शब्द	**विलोम**
1- आकाश	प्रकाश
2- अंधकार	नीचे
3- रात	पाताल
4- आशा	दिन
5- ऊपर	निराशा

2- नीचे लिखे शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

1- इधर
2- गरम
3- आदर
4- अमृत
5- उचित

2- पर्यायवाची शब्द

परिभाषा- जो शब्द एक-दूसरे का समान अर्थ देते हैं, उन्हें पर्यायवाची शब्द कहते हैं।

उदाहरण –

शब्द	**पर्यायवाची**
उपवन	उद्यान, वाटिका
गीत	गाना, तराना

कुछ पर्यायवाची शब्द इस प्रकार हैं-

शब्द	**पर्यायवाची**

1- गाय	गौ, धेनु, सुरभि
2- कमल	नीरज, सरोज, पंकज
3- आकाश	गगन, नभ, आसमान
4- आग	अग्नि, अनल, पावक
5- आँख	नेत्र, नयन, चक्षु
6- ईश्वर	भगवान, प्रभु, परमेश्वर
7- घर	सदन, आलय, गृह
8- सूर्य	सूरज, रवि, दिनकर

अभ्यास:

1- शब्दों को उनके पर्यायवाची शब्द से मिलाइए-

1- आकाश	नेत्र
2- कमल	भगवान
3- आँख	नभ
4- घर	नीरज
5- ईश्वर	सदन

2- नीचे लिखे शब्दों के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

1- आग

2- गाय

3- उपवन

3- अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

अपनी बात को कम समय में कहने के लिए अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग किया जाता है।

उदाहरण-

जो हमारा इलाज करते हैं-	चिकित्सक
जो चमड़े के जूते बनाता है -	मोची

अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग करने से भाषा अधिक प्रभावशाली बन जाती है।

कुछ अन्य अनेक शब्दों के लिए एक शब्द इस प्रकार हैं-

1- सेना में काम करने वाला -	सैनिक
2- साथ पढ़ने वाला -	सहपाठी
3- मिट्टी के बर्तन बनाने वाला -	कुम्हार
4- पत्र लाने वाला -	डाकिया
5- कपड़े सिलने वाला-	दर्जी
6- गाना गाने वाला -	गायक
7- बगीचे की देखरेख करने वाला -	माली

<u>अभ्यास:</u>

सही विकल्प चुनिए-

1- मिट्टी के बर्तन बनाता है-

(अ) सुनार ( ) (ब) कुम्हार ( )

2- सेना में काम करने वाले को कहते हैं-

(अ) सैनिक ( ) (ब) सेवक ( )

3- हमारे कपड़े सिलता है-

(अ) धोबी ( ) (ब) दर्जी ( )

4- साथ पढ़ने वाले को कहते हैं-

(अ) सहपाठी ( ) (ब) पड़ोसी ( )

5- गाना गाने वाले को कहते हैं-

(अ) खिलाड़ी ( ) (ब) गायक ( )

END